संघे शक्ति कलयुगे पंजीयन क्र. 06/10/01/12597/18 दि. 01/05/2018 संघे शक्ति कलयुगे

# राजस्व कर्मचारी कल्याण संघ

आशाराम पटैल (रा नि)
अध्यक्ष
सी 26 विजयनगर दमोह (म0प्र0)
मोबा .9425612102, 8085913291

तहसील शाखा ................................ जिला .....................

गजेन्द्र रोहित (पटवारी)
सचिव
सुभाष कॉलोनी दमोह
मोबा. 7049454242

rajasvkarmcharisanghmp@gmail.com

क्र...30 दिनांक 18/10/2023

प्रति,

श्रीमान तहसीलदार महोदय,

तहसील ...................... जिला ...................

विषय–: अर्जित अवकाश स्वीकृत कर हडताल अवधि का वेतन प्रदाय करने वावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि दिनांक 28 अगस्त 2023 से 28 सितंबर 2023 तक प्रदेश के समस्त पटवारी अपने अधिकारों के संरक्षण हेतु मध्यप्रदेश शासन के समक्ष विभिन्न मांगों को लेकर हडताल पर थे, जिन मांगों का आंशिक निराकरण होने उपरांत पटवारी हडताल समाप्त कर कार्य पर वापिस लौट आये थे। इस तरह कुल 32 दिन तक हडताल पर रहे। हडताल अवधि के दौरान लंबित विभागीय कार्यों को हम पटवारीयों ने अपना अतिरिक्त समय देकर पूर्ण कर दिया है।

यह कि मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग (शासकीय कर्मचारी कल्याण संगठन) के पत्र क्रमांक एफ 5–4/2019/1–15/क0क0 भोपाल, दिनांक 06 अगस्त 2019 के व्दारा भी शासकीय सेवकों को हडताल अवधि का अर्जित अवकाश /अन्य देय अवकाश स्वीकृत किये जाने की अनुमति प्रदान की गई है। पत्र की छायाप्रति संलग्न है।

यह कि उक्त पत्र के आधार पर प्रदेश के कई जिलों की तहसीलों में पटवारीयों की उक्त अवधि का अवकाश स्वीकृत कर वेतन प्रदाय किया जा चुका है। जिनके आदेशों की प्रतियां अवलोकनार्थ संलग्न हैं।

अतः श्रीमान जी से आग्रह है कि तहसील के समस्त पटवारी आपके समक्ष उक्त हडताल अवधि के लिये अर्जित अवकाश हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रहे हैं जिसे स्वीकृत कर उक्त अवधि का वेतन प्रदाय करने की कृपा करें।

धन्यवाद्

दिनांक–...........................

सदस्य रा0क0क0 संघ

तहसील.................. जिला..............

संलग्न– उक्तानुसार

प्रतिलिपी–1. श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय, अनुविभाग........................जिला.....................।

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/